# जनपद शामली पुलिस

**--मीडिया / सोशल मीडिया सेल शामली--**

प्रेसविज्ञप्ति | दिनांक 30.07.2021

## थाना कोतवाली

**थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा लूट के मामले मे वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन बरामदः-**

आज दिनांक 30.07.2021 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री सुकीर्ति माधव के आदेशानुसार चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा लूट के मामले वांछित 01 अभियुक्त आशिफ पुत्र इरशाद को लूट के मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात हो कि दिनांक 18.02.2020 को वादी श्री जावेद पुत्र अय्यूब द्वारा उसका पत्नी से अज्ञात लुटेरो द्वारा मोबाइल फोन लूट ले जाने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर तहरीर दाखिल की गयी थी। दाखिल तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शामली पर सुंसगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त-**

1- आसिफ पुत्र इरशाद निवासी ग्राम कुतुबपुर थाना ननौता जनपद सहारनपुर।

**बरामदगी का विवरण-**

1- लूटा गया मोबाइल फोन।

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

1. उ0नि0 श्री विमल कुमार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।
2. का0 नितिन कुमार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।



**थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा चोरी मामले मे वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किया मोबाइल फोन बरामदः-**

आज दिनांक 30.07.2021 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री सुकीर्ति माधव के आदेशानुसार चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा चोरी के मामले वांछित 01 अभियुक्त नौशाद पुत्र गुलशाद को चोरी के मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात हो कि दिनांक 24.07.2020 को वादी श्री नितिन पुत्र मुकेश कुमार निवासी ग्राम टपराना थाना झिंझाना जनपद शामली ने अज्ञात चोर द्वारा उसका मोबाइल फोन चोरी किये जाने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर तहरीर दाखिल की गयी थी। दाखिल तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शामली पर सुंसगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त-**

1- नौशाद पुत्र गुलशाद निवासी मौहल्ला सद्दीक नगर थाना लिसाढी गेट जनपद मेरठ।

**बरामदगी का विवरण-**

1- चोरी किया मोबाइल फोन।

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

1. उ0नि0 श्री रविन्द्र थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।
2. है0का0 सुरेश पाल थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।



# थाना कैराना पुलिस द्वारा शराब तस्करी मे वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

आज दिनांक 30.07.2021 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री सुकीर्ति माधव के आदेशानुसार चलाए जा रहे अवैध शराब की बरामदगी/निर्माण/तस्करी में लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान शराब तस्करी में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के संबंध में थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात हो कि दिनांक 14.04.2021 को वेगनआर कार से अवैध शराब तस्करी कर लाये जाने की सूचना पर थाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए छापेमारी में 02 शराब तस्करो सहित 15 पेटी अवैध अंगेंजी शराब हरियाणा मार्का, 10 लीटर रैक्टीफाइड शराब एवं तस्करी में प्रयुक्त वेगनआर कार बरामद की थी। जबकि इनका एक साथी मौके से फरार होने मे कामयाब हो गया था। जिसकी पहचान एवं जानकारी कर गिरफ्तारी हेतु थाना पुलिस द्वारा निरन्तर तलाश की जा रही थी।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1. मुकेश उर्फ काला पुत्र रामफल निवासी ग्राम भोडवाल थाना सिम्भालका जनपद पानीपत हरियाणा।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. उ0नि0 श्री राजकुमार बघेल थाना कैराना जनपद शामली।
2. का0 मुनेन्द्र कुमार थाना कैराना जनपद शामली।



<u>**थाना कांधला**</u>

<u>**थाना कांधला पुलिस द्वारा शादी के नाम पर जालसाजी से शादी कराने वाले अन्तर्राजीय ठग गिरोह का किया अनावरण, दुल्हन बनी महिला सहित 05 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जेे से होण्डा कार बरामद ।**</u>

आज दिनांक 30.07.2021 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री सुकीर्ति माधव के आदेशानुसार चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कांधला पुलिस द्वारा शादी न होने पर ऐसे युवको को जो शादी के लिये ललायित होते है, के साथ जालसाजी कर शादी के नाम पर धन की ठगी करने वाले गिरोह का अनावरण करते हुए ऐसे गिरोह मे सम्मिलित 01 महिला सहित कुल साथ जो शादी शादी के इच्छुक लोगो की शादी कराकर लोगो से पैसा ठगने वाले 02 अभियुक्त व 03 अभियुक्ता को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

दिनांक 29.07.2021 को ग्राम डुंडूखेडा थाना कांधला जनपद शामली क्षेत्रातर्गत कुछ लोगो द्वारा शादी के इच्छुक लोगो से सम्पर्क कर शादी के नाम पर लाखो रूपये की रकम तय कर शादी का दिखावा करते हुए शादी करवा देनेे और कुछ दिन बाद कोइ न कोई बहाना बनाकर दुल्हन को वापस ले जाने के सम्बन्ध में श्री नीटू पुत्र साधूराम द्वारा उससे करीब 01 लाख रूपये शादी के नाम पर जालसाजी कर ठगने हडपने के सम्बन्ध में थाना कांधला पर तहरीर दाखिल की गयी। दाखिल तहरीर के आधार पर थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। थाना पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए ऐसे गैंग के बारे मे सम्पूर्ण जानकारी एकत्रित की गई और गैंग के अनावरण के लिये निरंतर छापेमारी की गई।

पूछताछ का विवरणः- गिरोह से की गई पूछताछ मे जानकारी हुई है कि वे लोग हरियाणा व उसके आस पास के इलाको मे लोगो के माध्यम से सम्पर्क कर उन लोगो की जानकारी इकट्ठी करते है, जिनकी शादी न हो रही हो और शादी करने के इच्छुक हो। वे लोग ऐसे इच्छुक व्यक्ति से एक निश्चित धनराशी शादी कराने की एवज मे तय करते है और अपने गिरोह मे सम्मिलित महिला साथी की शादी किसी धार्मिक स्थान पर करा देते है और धनराशी

वसूल लेते है। फिर बहाने से शादी हुई महिला साथी को अपने साथ ले जाते है और फिर वह महिला साथी वापस वहा नही लौटती है। इसके साथ ही एक नये ग्राहक की तलाश मे लग जाते है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.रणपाल पुत्र बलवन्त निवासी मौहल्ला उत्तम नगर जनपद करनाल हरियाणा ।

2.गगन पुत्र बलकार निवासी ग्राम साम्बी थाना बुटाना जनपद करनाल हरियाणा ।

3.पूजा पुत्री चांद निवासी मौहल्ला शिवनगर थाना रामनगर जनपद करनाल हरियाणा।

4.पूजा पत्नी रामभज निवासी मौहल्ला शिवनगर थाना रामनगर जनपद करनाल हरियाणा ।

5.काजल पत्नी रणपाल निवासी मौहल्ला उत्तम नगर जनपद करनाल हरियाणा ।

**<u>बरामदगी का विवरणः-</u>**

1- 01 होण्डा कार ।

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>**

1-प्र0नि0 श्री रोजन्त त्यागी थाना कांधला जनपद शामली ।

2-व0उ0नि0 देवेन्द्र कुमार थाना कांधला जनपद शामली ।

3-उ0नि0 श्री पवन कुमार सैनी थाना कांधला जनपद शामली।

4-है0का0 अजीत मलिक थाना कांधला जनपद शामली ।

5-का0 ललित शर्मा थाना कांधला जनपद शामली ।

6-का0 निर्वेश थाना कांधला जनपद शामली ।

